**कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ**

संख्या एम0ई0–2/2021/1413 लखनऊ : दिनॉक 28 अप्रैल, 2021

**"नोटिस"**

उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–एक के नियुक्ति आदेश दिनॉक 19 अप्रैल, 2021 के द्वारा विभिन्न विशिष्टताओं में सहायक आचार्य के पदों पर राजकीय मेडिकल कालेजों में नवनियुक्त/तैनात किये जानें के आदेश निर्गत किये गये हैं। जिन अभ्यर्थियों द्वारा अपना योगदान दिनॉक 24.04.2021 तक संबंधित राजकीय मेडिकल कालेज में प्रस्तुत नहीं किया गया था उन्हें महानिदेशालय के पत्र संख्या एम0ई0–2/2021/1335 दिनॉक 25 अप्रैल, 2021 के द्वारा जनहित के दृष्टिगत अपनी योगदान आख्या कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन, छठां तल, लखनऊ में दिनॉक 27.04.2021 तक दिये जानें हेतु निर्देशित किया गया था। कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा अभी भी अपनी योगदान आख्या महानिदेशालय में प्रस्तुत नहीं की गयी है।

जिन अभ्यर्थियों द्वारा अपनी योगदान आख्या अभी तक प्रस्तुत नहीं की गयी है, को एक अवसर और प्रदान करते हुये निर्देशित किया जाता है कि वे अपनी योगदान आख्या विलम्बतम दिनॉक 30.04.2021 तक कार्यालय, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन, छठां तल, लखनऊ में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में उनके नियुक्ति आदेश/अभ्यर्थन को निरस्त किये जानें एवं महामारी अधिनियम के अन्तर्गत उनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

**(के0के0गुप्ता)**
महानिदेशक